SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 25 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 357

# तिरुपति के बाद अब यूपी में भी हड़कंप , मथुरा में 15 दुकानों से 43 नमूने लिए, जांच के लिए भेजे संदिग्ध पेड़े

मथुरा । आरएनएस

आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट का मामला सामने आने के बाद यूपी के मथुरा में भी हलचल तेज हो गई है। मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण (ठाकुर जी) पर चढ़ाए जाने वाले भोग-प्रसाद की गुणवत्ता को लेकर चिंतित सरकार के आदेश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने अभियान की शुरुआत करते हुए मथुरा और वृन्दावन के धर्मस्थलों के निकट एवं अन्य स्थानों पर मिठाई की 15 दुकानों के खाद्य पदार्थों के 43 नमूने एकत्र किए।

उनमें से पेड़े के एक नमूने में मिलावटी सामग्री का इस्तेमाल किए जाने की आशंका पर विस्तृत जांच के लिए उसे लखनऊ स्थित राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को मथुरा व वृन्दावन के अनेक स्थानों पर चलाए गए सैंपलिंग अभियान में कुल 15 विक्रेताओं के यहां से कुल 43 नमूने एकत्र किए गए। जिनमें दूध से बनी मिठाईयां व अन्य पदार्थ, पनीर, पेड़ा, बर्फी, मिल्क केक, रसगुल्ला, इमरती, सोनपापड़ी, अन्य मिठाईयां तथा मसाले आदि शामिल हैं।

**जांच के लिए भेजे गए पेड़े-** उन्होंने बताया कि मथुरा में आज भी श्रीकृष्ण जन्मस्थान के सामने स्थित बाजार की दुकानों व नए बस स्टैंड के आसपास की दुकानों तथा वृन्दावन में बांकेबिहारी मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर विद्यापीठ चौराहे के आसपास की दुकानों से नमूने लिए गए और मोबाइल लैबोरेटरी के माध्यम से हाथों-हाथ उनकी जांच की गयी। उन्होंने बताया कि उनमें से 42 नमूने तो मानक के अनुरूप पाए गए, परंतु पेड़े के एक नमूने के मानकों पर संदेह होने पर उसे अग्रिम जांच हेतु लखनऊ स्थित उच्च क्षमता वाली राज्य सरकार की प्रयोगशाला में भेजा गया है।

एक सवाल के जवाब में सिंह ने बताया कि रविवार व सोमवार को एकत्र किए गए सभी नमूनों को मंदिरों से न लेकर उनके आसपास की दुकानों से ही एकत्र किए हैं। उन्होंने बताया कि चूंकि धर्मस्थलों द्वारा धार्मिक कार्यों में प्रयुक्त होने वाली प्रसाद की सामग्री के नमूने सीधे नहीं लिए जाते हैं, उन्हें इस मामले में कानूनन छूट रहती है।

वैसे भी मथुरा के कमोबेश सभी धार्मिक स्थलों की प्रबंधन संस्थाओं ने पहले से ही भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसआई) से प्रमाण पत्र ले रखे हैं। इसके लिए उन्हें हर छह माह पर स्वत: ही एफएसएसआई से जांच करानी होती है। उन्होंने बताया कि मथुरा में यह कार्रवाई किसी शिकायत के आधार पर नहीं, बल्कि आगामी दिनों में त्योहारों के अवसर पर खपत होने वाले प्रसाद एवं अन्य खाद्य पदार्थों के अत्यधिक उपयोग की संभावना के मद्देनजर की जा रही है।

## तिरुपति मंदिर में प्रसाद विवाद के बाद भी भक्तों की आस्था अटल, 4 दिनों में बिक गए 14 लाख लड्डू



**तिरुमाला (आरएनएस)।** तिरुपति के प्रसिद्ध लड्डुओं में जानवरों की चर्बी के कथित इस्तेमाल को लेकर उठा विवाद भले ही आंध्र प्रदेश की राजनीति में तूफान ला रहा हो, लेकिन भक्तों की श्रद्धा पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। मंदिर में लड्डुओं की बिक्री लगातार जारी है और पिछले चार दिनों में 14 लाख से अधिक लड्डू बिक चुके हैं।

तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम के अनुसार, 19 सितंबर से 22 सितंबर तक क्रमश: 3.59 लाख, 3.17 लाख, 3.67 लाख और 3.60 लाख लड्डू बिके हैं। यह संख्या प्रतिदिन औसतन 3.50 लाख लड्डुओं की बिक्री के आंकड़े के अनुरूप है।

तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के अनुसार, तिरुपति लड्डू में बंगाल चना, गाय का घी, चीनी, काजू, किशमिश और बादाम शामिल हैं। लड्डू बनाने में रोजाना 15,000 लीटर गाय का घी इस्तेमाल होता है। बता दें, यह विवाद तब शुरू हुआ जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मंदिर में इस्तेमाल होने वाले घी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए और दावा किया कि नमूनों में चर्बी और अन्य पशु वसा के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया है। इस विवाद के बावजूद, भक्तों का विश्वास अटल है और वे मंदिर में आकर प्रसाद के रूप में लड्डू ले रहे हैं।

## चलती ट्रेन से आरपीएफ के दो सिपाहियों को फेंकने वाला बदमाश मुठभेड़ में ढेर

नोएडा । आरएनएस

यूपी-एसटीएफ की नोएडा यूनिट और गाजीपुर पुलिस ने बीती रात आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या में वांछित बदमाश को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। आरोपी पर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। मारा गया बदमाश, कुख्यात शराब तस्कर गैंग का सदस्य था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन में 19 अगस्त की रात में आरपीएफ के दो सिपाहियों जावेद ख़ान और प्रमोद कुमार को चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया था। इस घटना में उनकी मौत हो गई थी।

पुलिस ने बताया कि 23 सितंबर को गाजीपुर में दिलदारनगर थाना क्षेत्र में सोमवार की रात यूपी-एसटीएफ की नोएडा यूनिट और जिला पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया है। वह आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या में वांछित था।

मुठभेड़ में बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसटीएफ टीम ने बताया है कि बदमाश की पहचान मोहम्मद ज़ाहिद उर्फ सोनू के रूप में हुई है। वह बिहार के पटना के फुलवारी शरीफ क्षेत्र का निवासी है। सोनू पर एक लाख का इनाम भी घोषित था। बदमाश के ऊपर अपहरण, मारपीट और शराब तस्करी के कई केस दर्ज हैं।

गौरतलब है कि 19 अगस्त की रात में आरपीएफ के दो सिपाहियों जावेद ख़ान और प्रमोद बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस में अवैध शराब की तस्करी को रोकने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान शराब तस्करों ने दोनों के साथ मारपीट की थी और उन्हें चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया था। जिसमें दोनों की मौत हो गई थी। इस मामले में मोहम्मद जाहिद वांछित चल रहा था और उसपर एक लाख का इनाम घोषित था।

## एमपी में ट्रक ने ऑटो को रौंदा, 7 लोगों की दर्दनाक मौत; शवों को निकालने के लिए मंगवानी पड़ी जेसीबी

दमोह । आरएनएस



दमोह जिले में एक दिल दहलाने वाली सडक़ दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा देहात थाना क्षेत्र के समन्ना गांव के आगे बांदकपुर रोड पर हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रहे ऑटो को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में ऑटो में सवार 10 लोगों में से 7 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑटो में कुल 10 लोग सवार थे। तभी पीछे से आ रहा एक ट्रक तेज रफ्तार में आया और ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से ट्रक में फंसे ऑटो से शव और घायलों को बाहर निकाला गया। हादसे में मरने वालों में ऑटो चालक आलोक गुप्ता भी शामिल हैं। घायलों में गायत्री पति सिद्धू, रीता बाई पति राजेश और एक बच्चा शामिल हैं। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला है कि ड्राइवर छतरपुर के बक्सवाहा का रहने वाला नीरज सिंह लोधी (22) है और वह शराब के नशे में था। पुलिस ने उसे मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर और एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए हैं। यह हादसा एक बार फिर सडक़ सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## कुशीनगर में सपा नेता समेत 10 गिरफ्तार, जाली नोटों के कारोबार का पर्दाफाश

कुशीनगर । आरएनएस



यूपी के कुशीनगर में जाली नोटों के बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने समाजवादी पार्टी की लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद रफीक खान उर्फ बबलू समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रफीक खान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वो समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव से हाथ मिलाते देखा जा सकता है।

रफीक खान जालसाजों के गैंग का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। दर्ज शिकायत के मुताबिक उसने नेपाल, यूपी और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में जाली नोटों का नेटवर्क स्थापित किया था। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों में शामिल नौशाद खान समाजवादी पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष बताया जा रहा है। पुलिस ने 5.62 लाख रुपये के जाली नोट, 1.10 लाख रुपये के असली नोट, तीन हजार नेपाली मुद्रा, 10 देसी तमंचा, 4 सुतली बम, 2 नेपाली सिम और 26 फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं।

कुशीनगर एसपी संतोष मिश्रा ने बताया, जिले में नकली नोटों का कारोबार करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लाखों के जाली नोट, 1 लाख रुपये से अधिक नकद, 10 देसी तमंचा, 30 गोलियां और 12 खोखा बरामद किया गया, इसके अलावा इनके पास से 4 सुतली बम (पटाखे) भी बरामद किए गए। आरोपियों के कब्जे से नेपाल की मुद्रा भी बरामद की गई है, हमें जानकारी मिली है कि उनकी नेपाल में भी आवाजाही थी।

आरोपी रफीक खान और अखिलेश यादव की वायरल तस्वीर ने राजनीतिक हलकों में हडक़ंप मचा दिया है। राजनीतिक दृष्टिकोण से यह मामला समाजवादी पार्टी के लिए चुनौती बन सकता है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में बिहार के सिवान का जितेंद्र यादव, गोपालगंज का मनीष कुमार और कमरुद्दीन समेत चार आरोपी फरार हैं। पुलिस ने दावा किया कि फरार चारों आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कुशीनगर पुलिस ने इस गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम औरंगजेब, मोहम्मद रफी, नौशाद खान, परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी, शेख जमालुद्दीन, नियाजउद्दीन उर्फ मुन्ना, रेहान खान उर्फ सद्दाम, मोहम्मद रफीक उर्फ बबलू खान, हाशिम खान और सिराज हशमती शामिल हैं।

## सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवक तीन युवकों को ट्रक ने रौंदा, दो की मौत

सासाराम । आरएनएस

संझौली थाना क्षेत्र के सासाराम-आरा मुख्य मार्ग पर दर्दनाक हादसा हुआ, जहां सेना भर्ती की तैयारी कर रहे तीन युवकों को एक अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है।

मृतक की पहचान दीपक कुमार (23 वर्ष) और सत्येंद्र कुमार (24 वर्ष) के रूप में हुई है। दीपक कुमार के पिता का नाम अनिल कुमार सिंह है, जबकि सत्येंद्र कुमार के पिता जयराम सिंह हैं। दोनों युवक ग्राम पकड़ी, थाना राजपुर के रहने वाले थे। घायल युवक का नाम प्रिंस सिंह (13 साल) है, जिसका इलाज बिक्रमगंज में एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, तीनों युवक रोज की तरह सेना भर्ती के लिए फिजिकल की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। इसके बाद चालक वहां से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सासाराम-आरा मार्ग पर शव रखकर सडक़ जाम कर दिया और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रक चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची संझौली थाना पुलिस आक्रोशित लोगों को समझाने की कोशिश कर रही है। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एमयूडीए घोटाला : कर्नाटक हाई कोर्ट ने सिद्धारमैया की याचिका खारिज की,मुख्यमंत्री पर चलेगा केस

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैयाको हाई कोर्ट से झटका लगा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय की नागप्रसन्ना पीठ ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा चुनौती दी गई याचिका को खारिज कर दिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कथित एमयूडीए घोटाले में अपने खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए राज्यपाल की मंजूरी को चुनौती दी थी। बता दें कि राज्यपाल ने 17 अगस्त को मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सहमति दी थी। इसके बाद सीएम सिद्धारमैया ने राज्यपाल के आदेश को चुनौती देने वाली रिट याचिका को हाई कोर्ट में दाखिल किया था। दरअसल, सीएम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन ने कुछ जमीन गिफ्ट के तौर पर दी थी। यह जमीन मैसूर जिले के कैसारे गांव में स्थित है। बाद में इस जमीन को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) ने अधिग्रहित कर लिया, और इसके बदले पार्वती को विजयनगर इलाके में 38,223 वर्ग फीट के प्लॉट दे दिए गए। आरोप है कि दक्षिण मैसूर के प्रमुख इलाके में मौजूद विजयनगर के प्लॉट की कीमत कैसारे गांव की उनकी मूल जमीन से बहुत ज्यादा है। इसी को लेकर सिद्धारमैया भ्रष्टाचार के आरोप में घिर गए हैं।

### सीएम सिटी भरतपुर में कुत्तों का आतंक , दूध लेने जा रही 5 साल की बच्ची को चार डॉग्स ने नोंचा

**भरतपुर (आरएनएस)।** भरतपुर शहर के कोतवाली थाना इलाके में एक बार फिर से डॉग्स ने एक 5 साल की बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची के शरीर में जगह-जगह दांतों के निशान और घाव हैं। बच्ची दूध लेने जा रही थी। इस दौरान रास्ते में खड़े चार डॉग्स ने अचानक बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची के पिता कृष्ण मुरारी ने बताया कि घटना नदिया मोहल्ला इलाके की है। मेरी बेटी सुइता दूध लेने के लिए घर से निकली थी। घर से कुछ दूरी पर चार डॉग्स बैठे थे। जैसे ही मेरी बेटी डॉग्स के पाश से निकली तो, उन्होंने बच्ची पर का दिया और उसे सडक़ पर गिरा लिया। चारों डॉग्स ने उसे सिर, हाथ, पैर मुंह पर बुरी तरह नोंच डाला। आसपास के लोगों ने बच्ची को बचाया और घटना की सूचना बच्ची के परिजनों को दी। जिसके बाद वह बच्ची को लेकर तुरंत आरबीएम अस्पताल पहुंचे। जहां उसे प्राथमिक इलाज देकर छुट्टी दे दी। बच्ची के पिता का कहना है कि इलाके में डॉग्स का आतंक है। मोहल्ले के 8 से 10 डॉग्स कई लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं। इसको लेकर कई बार नगर निगम से शिकायत की गई लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना के बाद से लोग अपने बच्चों को घर से बाहर निकालने से कतरा रहे हैं। घटना के बाद से बच्ची इतनी डर गई है कि वह किसी के सामने आने से सहम रही है।

### बुखार से बच्ची समेत 3 लोगों की मौत

**चित्रकूट (आरएनएस)।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के बछरन गांव के कमलेश की पांच वर्षीय पुत्री हर्षिता की अचानक तबीयत खराब होने पर जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसी क्रम में मानिकपुर के सकरौंहा गांव की कलावती (60) पत्नी महादेव की हालत बिगडऩे पर पुत्र लवकुश सोमवार की दोपहर जिला अस्पताल लेकर आया। जहां इलाज के दौरान रात्रि करीब साढ़े नौ बजे मृत्यु हो गई। इसके अलावा शिवरामपुर चैकी क्षेत्र के मछरिहा गांव की सरस्वती (65) पत्नी देशराज को हार्टअटैक के चलते परिजन जिला अस्पताल लाए। जिसे डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में शोक छा गया।

## जम्मू-कश्मीर में चुनावी ड्यूटी पर जा रहे पुलिसकर्मियों का वाहन खाई में गिरा, दो जवानों ने गवाई जान- एक घायल

कटरा । आरएनएस



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले मंगलवार को रियासी जिले में एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में दो जवानों की मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, जवान चुनावी ड्यूटी के लिए जा रहे थे।

हादसे को लेकर अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक वाहन के सडक़ से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से एक पुलिसकर्मी समेत दो लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना आज दोपहर (मंगलवार) माहोर इलाके के सुदूर टक्सन-अंगडी गांव के पास हुई।

अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मियों ने घटनास्थल से कॉन्स्टेबल ऐजाज खान और ड्राइवर जावेद अहमद के शव बरामद किए हैं। वहीं, वाहन को खाई से निकालने का कार्य जारी है।

जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण के लिए बुधवार को मतदान होगा। इस दौरान केंद्रशासित प्रदेश की 26 विधानसभा सीटों पर चुनाव होगा। चुनाव को लेकर सभी तैयारियां कर भी ली गई हैं। केंद्रशासित प्रदेश में 3400 पोलिंग बूथ पर 13 हजार से अधिक कर्मचारी संभालेंगे मोर्चा। दूसरे चरण के चुनाव के लिए 239 प्रत्याशी मैदान में है।

बता दें कि पहले चरण में (18 सितंबर) 24 सीटों पर मतदान हुआ था। अब दूसरे चरण में 26 सीटों पर चुनाव होगा। इसके बाद 40 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा।

## सपनों से हकीकत तक : जस्मीत कौर की देखरेख में रिया सिंघा की प्रेरणादायक यात्रा

जयपुर । आरएनएस




गुजरात की 19 वर्षीय प्रतिभाशाली रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के खिताब से नवाजा गया है। उनकी यह प्रेरक यात्रा न केवल उनके दृढ़ संकल्प की कहानी है, बल्कि जस्मीत कौर के सशक्त मार्गदर्शन और समर्थन का जीता-जागता उदाहरण भी है, जो मिस टीन इंडिया की राष्ट्रीय निदेशक हैं। जस्मीत कौर ने रिया को पहली बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर अवसर प्रदान किया, और उनकी देखरेख में रिया ने अपनी मेहनत से वैश्विक मंच पर चमकने का सपना साकार किया। जस्मीत कौर ने रिया के इस शानदार सफर पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, "रिया को पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर देना और आज उसे मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज पहनते देखना मेरे लिए गर्व का क्षण है। टीन यूनिवर्स के राष्ट्रीय निदेशक के रूप में मुझे रिया को यह प्रतियोगिता जीतते देखकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैंने उसकी प्रतिभा को पहचाना। मुझे पता था कि वह एक दिन अपनी पहचान बनाएगी। उसने मुझे गौरवान्वित महसूस कराया है। उसने शुरू से ही अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण और दृढ़ता दिखाई है। मुझे खुशी है कि मैं उसके इस सफर का हिस्सा रही हूं और उसे मार्गदर्शन दे पाई हूं। रिया आज उन सभी लड़कियों के लिए एक प्रेरणा बन गई है, जो समाज की सीमाओं को तोडक़र अपने सपनों को पूरा करना चाहती हैं। जस्मीत कौर ने न केवल रिया को सही मंच प्रदान किया, बल्कि उसे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए तैयार भी किया। उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन ने रिया की काबिलियत को निखारते हुए उसे आज इस मुकाम तक पहुँचाया है। रिया की यह सफलता उन सभी युवतियों के लिए एक मिसाल है, जो अपने सपनों को पूरा करने का हौसला रखती हैं। अब रिया मिस यूनिवर्स 2024 प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी, और अपनी मेहनत व लगन से देश का नाम रोशन करने के लिए तैयार हैं। जस्मीत कौर, मिस टीन इंडिया की राष्ट्रीय निदेशक के रूप में, भारतीय पेजेंट्री के क्षेत्र में एक प्रेरणास्रोत रही हैं। उन्होंने न सिर्फ कई प्रतिभाशाली युवाओं को वैश्विक मंच पर अपनी चमक बिखेरने का मौका दिया है, बल्कि उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जस्मीत का समर्पण और मार्गदर्शन आज भारतीय पेजेंट्री के मानदंडों को ऊंचाई पर ले जा रहा है, और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।